कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002
दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– 0532-2466769, 0532-2467504 Website: https:\\updeled.gov.in
ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com

# विज्ञप्ति

**डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण 2023 प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त रिक्त सीटों पर प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने तथा आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच / प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु समय–सारिणी**

## PHASE- 2

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023 प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत, कार्यालय द्वारा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 13.09.2023 के क्रम में PHASE-1 की प्रक्रिया सम्पाप्त होने के उपरान्त, शासनादेश दिनांक 24.08.2023 के अनुपालन में रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश प्रक्रिया के *PHASE-2* में अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण संस्थान के आवंटन हेतु **संस्थान का विकल्प वेबसाइट https://updeled.gov.in** के माध्यम से भरे जाने हेतु समय–सारिणी निम्नवत् है –

### भाग–1

| | |
|---|---|
| स्टेट रैंक **01 से 3,36,572 तक** प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने हेतु **रू0 5000 / –(रू0 पॉच हजार मात्र)** शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने की अंतिम तिथि | **08 नवम्बर 2023 तक** |

### भाग–2

| क्र0 स0 | संस्थान का विकल्प भरने की तिथि | स्टेट रैंक | संस्था आवंटन प्रकाशित होने की तिथि | आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच / प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 26.10.2023 (सायं) से 31.10.2023 तक | रैंक 01 से 3,36,572 तक (PHASE-1 में प्रवेश न पाने वाले एवं रैंक 240001 के बाद के अभ्यर्थी) | 01 नवम्बर 2023 | 03 नवम्बर 2023 से 18 नवम्बर 2023 सायं 05:00 बजे तक प्रवेश लेने की अंतिम तिथि |
| 02 | 02.11.2023 (सायं) से 05.11.2023 तक | रैंक 01 से 3,36,572 तक के अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति / अनु0 जनजाति तथा विशेष आरक्षण श्रेणी के प्रवेश / आवंटन न पाने वालें अभ्यर्थी | 06 नवम्बर 2023 | |
| 03 | 06.11.2023 (सायं) से 09.11.2023 तक | **रैंक 01 से 3,36,572 तक (शत– प्रतिशत सीटों को भरे जाने के उद्देश्य से, समस्त अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त, आरक्षित श्रेणी (पिछड़ी जाति / अनुसूचित जाति / जनजाति / विशेष आरक्षित श्रेणी) के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर, उक्त आरक्षित श्रेणी की रिक्त सीटों को अनारक्षित सीटों पर परिवर्तित करते हुए** | 10 नवम्बर 2023 | |
| 04 | प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन रिपोर्ट / लॉक करने की अंतिम तिथि (नोट– निर्धारित अंतिम तिथि तक **प्रवेश** लेने वाले अभ्यर्थियों को वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर ऑनलाइन रिर्पोट / लॉक नहीं किये जाने पर, लिया गया प्रवेश मान्य नहीं होगा ) | | | 20 नवम्बर 2023 |
| 05 | प्रशिक्षण प्रारम्भ | | | 21 नवम्बर 2023 |

नोट –

1. **समस्त 3,36,572 अभ्यर्थियों की मेरिट/स्टेट रैंकिग वेबसाइट https://updeled.gov.in पर उपलब्ध है।**
2. प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों/निजी डी0एल0एड0 संस्थानों में PHASE-1 की प्रक्रिया के उपरान्त वर्गवार/श्रेणीवार रिक्त सीटों की संख्या एवं सीट मैट्रिक्स वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर अभ्यर्थियों द्वारा संस्थानों का विकल्प भरे जाने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश भी उपलब्ध है।
3. स्टेट रैंक के आधार पर काउंसलिंग के चक्र/चरण में आने वाले अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने से पूर्व, Allotment Fees रू0 5000/–(रू0 पॉच हजार मात्र) का ऑनलाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा। भुगतान के पुष्टि (confirmation) होने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपनी पसन्द (Choice) के प्रशिक्षण संस्थानों का विकल्प ऑन लाइन पूरित कर सकेंगे।
4. PHASE-1 की प्रक्रिया के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी जो आवंटित प्रशिक्षण संस्थान के सापेक्ष प्रवेश नहीं लिये हो वह गतिमान PHASE-2 की प्रक्रिया में रिक्त सीटों के प्रति पुनः Allotment Fees रू0 5000/–(रू0 पॉच हजार मात्र) का ऑनलाइन भुगतान कर प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भर सकता है।
5. अभ्यर्थियों द्वारा स्टेट रैंक के अनुसार **संस्थान के विकल्प का चुनाव करने के पश्चात् Choice Lock न करने पर भरे गये विकल्पों को स्वतः लॉक माना जायेगा जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा।**
6. आवंटित प्रशिक्षण संस्थान मे अभिलेखीय जॉच/प्रवेश की पुष्टि (Confirmation) हेतु Allotment Letter प्रिंट करने हेतु अभ्यर्थी को पुनः रू0 5000/–(पॉच हजार मात्र) का ऑनलाइन भुगतान पुनः करना होगा। भुगतान पूर्ण होने के उपरान्त ही अभ्यर्थी आवंटित प्रशिक्षण संस्थान का आवंटन पत्र (Allotment Letter) प्रिंट कर सकेंगे।
7. यदि अभ्यर्थी आवंटित प्रशिक्षण संस्थान हेतु पुष्टि नहीं करता है अथवा प्रवेश नहीं लेता है तो काउसंलिग हेतु भुगतान किये गये Allotment Fees रू0 5000/– अभ्यर्थी को वापस नहीं की जाएगी।
8. आवंटित प्रशिक्षण संस्थान में अभ्यर्थी द्वारा, निर्धारित अंतिम तिथि तक अभिलेखीय जॉच/प्रवेश हेतु उपस्थित न होने, प्रवेश न लिये जाने व किसी भी प्रकार की अभिलेखीय विसंगति पाये जाने पर, उनके द्वारा भुगतान किये गये दोनो शुल्क Allotment Fees रू0 5000/– एवं Confirmation Fees रू0 5000/– को किसी भी स्थिति में वापस (Refund) नहीं किया जाएगा।
9. **अभ्यर्थी उक्त आवंटन पत्र के साथ अभिलेखीय जॉच/प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि को आवंटित संस्थान में अपने समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश सम्बन्धित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे।**

**ऑन लाइन विकल्प पूरित करने/अभिलेखीय जॉच/प्रवेश प्रक्रिया से पूर्व अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं दिशानिर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर लें।**

25.10.23

कृते सचिव
रजिस्ट्रार
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पृ0सं0/ डी0एल0एड0 2023/ 4342-48 /2023–24 दिनांक 25.10.2023.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
5. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0 तृतीय तल, योजना भवन, लखनऊ।
6. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक गवर्नमेन्ट बिजनेस शाखा, लखनऊ।
7. समस्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्राचार्य, सी0टी0ई0 वाराणसी एवं प्रबन्धक/प्राचार्य निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।

कृते सचिव
रजिस्ट्रार
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज